उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
19, सी, तुलसी गंगा काम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001

सूचना/ विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा में मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के 176 रिक्त पदों पर विभागीय परीक्षा के आधार पर चयन के सम्बन्ध में अगले चरण के प्रयोगात्मक तकनीकी दक्षता परीक्षण हेतु प्रवेश पत्र

संख्या : पीआरपीबी-चार-12(37)/2025(भाग-4) **दिनांक: अप्रैल 17, 2026**

मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के 176 रिक्त पदों पर विभागीय परीक्षा के आधार पर चयन हेतु दिनांक 05-10-2025 को सम्पन्न हुई प्रथम चरण की लिखित परीक्षा का परिणाम बोर्ड की समसंख्यक सूचना/विज्ञप्ति दिनांकित 29–12–2025 द्वारा प्रकाशित किया जा चुका है।

2- मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के पद पर चयन के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली के नियम- 10 (ख) में प्रावधानित है कि "........लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से बोर्ड द्वारा आयोजित व्यावहारिक तकनीकी ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित होने की अपेक्षा की जायेगी। यह परीक्षा 50 अंकों की होगी और इस परीक्षा में सफल होने के लिए न्यूनतम 25 अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। यह परीक्षा अर्हकारी प्रकृति की होगी और प्राप्त किये गये अंक अन्तिम परिणाम में सम्मिलित नहीं किये जायेगे।"

3- संगत सेवा नियमावली में दिये गये उक्त प्रावधानों के आलोक में लिखित परीक्षा में अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों की मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के पद पर चयन के सम्बन्ध में अगले चरण की 'प्रयोगात्मक तकनीकी दता परीक्षण' दिनांक 28-04-2026 से जनपद लखनऊ एवं सीतापुर में निम्नांकित परीक्षण स्थलों पर आरम्भ की जा रही है:–

जनपद का नाम	परीक्षण स्थल का नाम व पता
लखनऊ	राज्य आपदा मोचन बल (एस0डी.0आर0एफ0) वाहिनी मुख्यालय, नूरनगर भदरसा, तहसील सरोजनीनगर, परगना–बिजनौर, उ0प्र0 लखनऊ
	न्यू रिजर्व पुलिस लाइन, कल्ली पश्चिम, लखनऊ
सीतापुर	11वीं, वाहिनी पी0ए0सी0, नई बस्ती, सीतापुर
	पी0टी0सी0, वनासिया, सीतापुर

4- अर्ह अभ्यर्थीगण बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" पर दिये गये "प्रवेश पत्र हेतु लिंक" में जाकर दिये गये फील्डस में पी0एन0ओ0 व जन्मतिथि डालकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर यथा स्थान अपना फोटो चस्पा कर अपने कार्यालयाध्यक्ष से प्रमाणित कराकर उपयोग में लाया जायेगा। अभ्यर्थीगण प्रवेश पत्र में उल्लिखित रिपोर्टिंग समय/तिथि पर निर्धारित वर्दी में परीक्षण स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह लिखित परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र में अंकित "अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश" का कडाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। प्रवेश पत्र से सम्बन्धित किसी भी पृच्छा (Query) के लिए अभ्यर्थी **helplinehcmt@gmail.com** व हेल्पलाइन नम्बर-**8121578833** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

5- अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा की जाती है वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट **"http://uppbpb.gov.in/"** का नियमित अवलोकन करते रहें। अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से प्रदत्त की जायेगी।

6- यद्यपि उक्त सूचना बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त/अनुमन्य होगा। यह सूचना सर्वसाधारण के लिए है। अतः जो सूचनाएं इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत अथवा अन्य माध्यमों से पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

अपर सचिव प्रोन्नति,
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।